Class No. : ....

Name : ....

2005

SECOND YEAR HIGHER SECONDARY
SECOND TERMINAL EXAMINATION, DECEMBER-2022

Part – II

HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

सामान्य निर्देश :

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें । **(5 × 1 = 5)**

1. 'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' किस विधा की रचना है ?

   (आत्मकथा, सफ़रनामा, जवाबी पत्र)

2. 'कुमार' किस कहानी का पात्र है ?

   (सूरीनाम में पहला दिन, मुरकी उर्फ़ बुलाकी, ज़मीन एक स्लेट का नाम है)

3. 'सपने का भी हक नहीं' किसकी रचना है ?

   (मैथिलीशरण गुप्त, सूरदास, डॉ. जे. बाबू)

P.T.O.

4. लेखक को कौन सा शहर भारतीय शहर जैसा लगा ?

(पारामारिबो, न्यूयॉर्क, लंदन)

5. बादशाह ने किसको ख़त भेजा ?

(माँ को, बेटी को, सिपाही को)

सूचना : कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक प्रश्नों के उत्तर लिखें :

नीलांबर परिधान हरित तट पर सुंदर है ।
सूर्य-चंद्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकर है ।।
नदियाँ प्रेम प्रवाह फूल तारे मंडन हैं ।
बंदीजन खग-वृंद, शेषफन सिंहासन है ।।
करते अभिषेक पयोद है, बलिहारी इस वेष की ।।
हे मातृभूमि ! तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की ।।

6. मातृभूमि की मेखला क्या है ? (1)

(हरित तट, रत्नाकर, नीलांबर)

7. मातृभूमि के आभूषण क्या-क्या हैं ? (2)

8. कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखें । (6)

सूचना : 9 से 12 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें। (2 × 2 = 4)

9. किसके प्रति सूरीनामी लोगों का गहरा लगाव है ?

10. रजिस्ट्री के पहले पिताजी को खेत देखने की इच्छा हुई, क्यों ?

11. राजवंती के यहाँ आते वक्त मुरकी देखने में कैसी थी ?

12. यशोदा माँ अपने आपको भूल गई – कब और क्यों ?

सूचना : 13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें। (3 × 4 = 12)

13. 'मेरी जीत तेरी जीत

तेरी हार मेरी हार' –

'दोस्ती ही शक्ति' – टिप्पणी तैयार करें।

14. जीवन-वृत्त पढ़ें और एकांत श्रीवास्तव के बारे में एक अनुच्छेद तैयार करें।

जीवन-वृत्त

नाम	:	एकांत श्रीवास्तव
जन्म	:	सन् 1964
जन्म स्थान	:	छत्तीसगढ़ के छुटा गाँव में
प्रमुख रचना	:	मेरे दिन मेरे वर्ष
पुरस्कार	:	केदार सम्मान

15. ये कथन पढ़ें और बादशाह के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- तीन दफ़ा सुनने के बाद भी दिल को करार नहीं आया ।
- दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे । वे क्या यह नहीं जानते कि मैं भी उनको रोता हूँ ।

16. कवितांश पढ़ें और आशय लिखें ।

इक कमरेवाली झोंपड़ी में
बच्चों के सो जाने पर
मैं अपनी मन–दीवार पर
अपना विस्तृत घर खींचने लगी ।

सूचना : गद्यांश पढ़ें और 17 से 18 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :

इतिहास के आरंभ के साथ ही भारत ने अपनी अंतहीन खोज प्रारंभ की और न जाने कितनी ही सदियाँ इसकी भव्य सफलताओं और असफलताओं से भरी हुई हैं । चाहे अच्छा वक्त हो या बुरा, भारत ने कभी इस खोज से अपनी दृष्टि नहीं हटाई और कभी भी अपने उन आदर्शों को नहीं भूला जिसने इसे शक्ति दी । आज हम दुर्भाग्य के एक युग का अंत कर रहे हैं और भारत पुनः खुद को खोज पा रहा है ।

17. भारत ने अपनी अंतहीन खोज कब से प्रारंभ की ? **(2)**

18. गद्यांश का संक्षेपण करें । **(6)**

सूचना : 19 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें : (3 × 6 = 18)

19. पद पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

जबहीं बन मुरली स्रवन
चकित भई गोप कन्या सब धाम काम बिसरीं ।।
कुल मरजाद बेद की आज्ञा नेकहु नाहिं डरीं ।
स्याम सिंधु सरिता ललनागन जल की ढरनि ढरीं ।
सुत पति नेह भवन जन संका लज्जा नहीं करी ।
'सूरदास' प्रभु मन हरि लीन्हो नागर नवल हरी ।।

20. अंग्रेज़ी खंड का अनुवाद हिंदी में करें ।

Student life is very important. It is the foundation of future. It is a preparation for the whole life. Future success depends on how it is spent. Students are the leaders of tomorrow. A student learns many new things.

(Foundation – नींव, Future – भविष्य, Preparation – तैयारी, Whole life – पूरा जीवन, Success – कामयाबी, depends – निर्भर, Spent – बिताना)

21. पति द्वारा उपेक्षित होने पर मुरकी किसी दयालु व्यक्ति से भाड़ा लेकर राजवंती के यहाँ आती है । वहाँ मुरकी और राजवंती के बीच का संभावित वार्तालाप तैयार करें ।

22. आपके स्कूल में सितंबर 14 को हिंदी-दिवस का आयोजन हो रहा है । केरल के शिक्षा मंत्री समारोह का उद्घाटन करेंगे । उसके लिए एक आकर्षक पोस्टर तैयार करें ।

23. सही मिलान करें : (8 × 1 = 8)

Advance	–	वाणिज्य
Energy	–	प्रतिमान
Pattern	–	प्रतिशत
Commerce	–	पेशगी
Bacteria	–	बट्टा
Percent	–	उपग्रह
Discount	–	जीवाणु
Satellite	–	ऊर्जा

सूचना : 24 से 27 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें : **(2 × 8 = 16)**

24. बेटी के आँसूनामा ने बादशाह के मन को विचलित कर दिया । वे उस दिन की डायरी में इसका ज़िक्र करते हैं । वह डायरी तैयार करें ।

- परिवारवालों की सोच
- दिल्लीवासियों के प्रति आकुलता
- खत पढ़ने पर उत्पन्न दर्द
- देश प्रेम

25. मान लें, बाज़ार में एक नया मोबाइल फोन आया है । उसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

- कम दाम
- एच.डी. कैमरा
- आकर्षक रंग
- ज़्यादा स्टोरेज

26. यहाँ दो विदाइयाँ हो रही हैं – बेटी की और ज़मीन की । दोनों विदाइयों पर पिता दुखी है । पिता का आत्मकथांश तैयार करें ।

- ज़मीन और बेटी की विदाई
- पारिवारिक समस्या
- शादी के नाम पर बढ़ता अनावश्यक खर्च
- बिछुड़ने का दुख

27. 'विश्वभाषा के रूप में हिंदी का प्रचार प्रसार' विषय पर अपने दोस्त को एक पत्र लिखें :

- संसार की सबसे बड़ी भाषाओं में एक
- हिंदी भाषा – सांस्कृतिक विकास में सहायक
- विश्व सौहार्द की संवाहक
- बोलचाल में आसान